## तीन दिन से शहर में घूम-घूमकर रहे थे रेकी, आरोपियों से कटर सहित धारदार घातक हथियार बरामद

# एटीएम में डकैती करने वाले आठ बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा पुलिस ने गांगीवाडा पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में डकैती डालने वाले चार नाबालिक सहित आठ बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। देहात पुलिस ने आरोपियों के पास से मोटर साइकिल सहित गैस सिलेण्डर कटर सहित कई घातक हथियार बरामद किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी देहात निरीक्षक विजय राव माहोरे ए पुलिस टीम गठित कर गंभीर अपराध में लिप्तर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान के तहत अपने मुखबीर तंत्र के आधार पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।



**घटना का सक्षिप्त विवरण:** थाना प्रभारी देहात एवं उनके अधीनस्थत स्टोाफ को दिनांक 26ण10ण2025 को मुखबीर से सूचना मिली है कि छिन्दावाडा नरसिंहपुर रोड के पास सिंत मयंक कोठारी का खाली प्लाटिंग एरिया में तीन मोटर सायकिले खड़ी हैंए वहीं मोटर सायकिलों के पास 8.9 आदमी बैठे है जिनके पास गैस कटरए तलवारए चाकूए लोहे कीराडेए आरी आदि सामानें रखी है और वह सब आपस में बात कर रहे है कि आज रात्रि करीबन 12.01 बजे के बीच गांगीवाड़ा रोड में स्थित पंजाब नेशनल बैंक का एटीएमण गैस कटर से काटकर उसमें डकैती डालना है और जो भी हमें रोकने का प्रयास करेगा उसे खत्मन कर देंगे। जो सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काडल थाना प्रभारी द्वारा वरिष्टे अधिकारियों को अवगत कराते हुए थाने से अतिरिक्त बल मय आर्म्से के बुलाकर अलग अलग पुलिस पार्टी बनाकर घेराबंदी कर बदमाशों को गिरफ्त में लिया गया जो उनके पास से डकैती में उपयोग करने के लिए गैस कटरए तलवारए चाकुएंए नकाबए लोहे की राडे एवं दो मोटर साइकिल ए एक स्कूरटी बरामद की गई। पकड़े गये आरोपियों में से दो आरोपी एवं चार नाबालिक आरोपी नागपुर के अलग अलग जगह से है। सभी आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रण 496,25 धारा 310 (4), 310 (5), 25 आर्म्सर एक्टए का पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों को न्या यालय पेश किया गया है।

### इन आरोपियों को पुलिस ने किए गिरफ्तार

तपीश पिता राहुल बागडे उम्र 22 साल निवासी हरिजन कालोनी जरीपटका थाना जरीपटका जिला नागपुर महाराष्ट्र

आकाश पिता अजय डागोरिया उम्र 33 साल निवासी इन्दौकरा गली नंबर 03 थाना इंदौर जिला नागपुर महाराष्ट्र

अनुज पिता राजेश नामदेव उम्र 23 साल निवासी फ्रेंडस कालोनी खजरी थाना देहात जिला छिन्द वाड़ा

अंशुल पिता रुपचंद उइके उम्र 18 साल निवासी कृष्णाप नगर थाना देहात जिला छिन्दावाड़ा एवं चार नाबालिक विधि उल्लंरघन कर्ता किशोर है।

**जप्त शुदा मशरूकाः** मोटर सायकिलें, एक गैस कटर मय सिलेण्डर, एक तलवार, दो चाकू, एक पेचकस, तीन लोहे की राडे बरामद किया है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस कार्यवाही को अंजाम देने में निरीक्षक विजयराव माहोरे, उनि महेश अहिरवार, संदीप सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक मंगल सिंह, जुगल टीकाराम, आरक्षक सौरभ बघेल, सूरज चौहान, शेर सिंह, बृजेश पाल, धीरेंद्र, सीताराम की विशेष भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को पुरस्कृत की जाने की घोषणा की गई है।

### 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा

## आबकारी की दबिश, दो आरोपियों को शराब सहित किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में आबकारी व्रत चौरई में अवैध शराब विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिये प्राप्त सूचना के आधार पर गत दिवस रात्रि पलटवाड़ा से पालादौन जाने वाली रोड वेयर हाउस के पास बजाज पल्सर 125सीसी क्रमांक अंकित नहीं है से कुल 54 बल्क लीटर अवैध देशी मदिरा, मसाला 200 पाव एवं 100 पाव प्लेन मदिरा बरामद कर जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 27500 रुपए है। आरोपी रंजीत वर्मा पिता रामनारायण उम्र 27 वर्ष एवं विशाल वर्मा पिता राजेंद्र उम्र 27 वर्ष मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1) क 34(2) एवं 46(1) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया तथा माननीय न्यायालय के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। कार्रवाई के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी कु. भारती गौंड एवं आरक्षक सचिन श्रीवास्तव, भारती मरकाम उपस्थित थे।

## महिला की मौत: अनाथ बच्चों को उचित मुआवजे दिलाने ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

### कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सहित सिंगोड़ी ब्लॉक पहुंचे और प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

रजोला में डायरिया बीमारी की रोकथाम और इलाज के दौरान मृत्यु हुई महिला के नाबालिक बच्चों को उचित मुआवजा को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन सुबह 11 बजे से ग्राम पंचायत में दोपहर तक जारी रहा। प्रदर्शन की सूचना के बाद एडीएम एसडीएम बीएमओ सीईओ पीएचई पुलिस सहित दर्जनों प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे जो ग्रामीणों की समस्यो का निराकरण करने की बात कही। गौरतलब है कि रविवार को ग्राम पंचायत रजोला की दुर्गा चंद्रवंशी डायरिया से पीड़ित महिला की मौत शनिवार को जिला अस्पताल में हो गई थी परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया था जिसके बाद महिला का पीएम कराया गया जिसके बाद मृतिका का अंतिम संस्कार परिजनों ने किया था।

#### ग्रामीणों और बच्चों ने लगाया आरोप

जिला अस्पताल में डायरिया पीड़ित महिला दुर्गा चंद्रवंशी को शनिवार को 108 एंबुलेंस से भर्ती कराया गया था। वही महिला के बच्चों ने अधिकारियों को बताया की उपचार के दौरान ड्रिप लगाने के दौरान हाथो में दर्द हो रहा है जिसको नही सुना गया वही कई आरोप डाक्टरों की लापरवाही को लेकर भी लगाए गए।

#### अधिकारियों ने जल स्त्रोतों और पानी टंकी का निरीक्षण

डायरिया पीड़ित ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया की हर घरों में उल्टी दस्त पेठ दर्द के मरीज है जिसको लेकर छिंदवाड़ा एडीएम धीरेंद सिंह अमरवाड़ा एसडीएम हेमकरण धुर्वे सीईओ जयदेव शर्मा बीइओ करुष ठाकुर पीएचई एसडीओ एनके चौधरी सहित अन्य अधिकारियों ने जल स्त्रोतों और पानी टंकी का पुनः निरक्षण किया है और संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। वही ग्रामीणों के द्वारा इसके बाद भी प्रशासन से संतुष्ट नजर नहीं आए।



#### कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सहित सिंगोड़ी ब्लॉक पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं सिंगोड़ी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और कांग्रेस के कार्यकर्ता रजोला गांव पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया साथ प्रशासन को ज्ञापन सौपा गया है,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष पटेल ने ज्ञापन देते हुए कहा कि रजोला गांव में दूषित पानी पीने गांव मे डायरिया बीमारी फैली हैं उसके रोकथाम के लिए प्रयास करें साथ ही जिन लोगों के द्वारा लापरवाही की गई है उनके खिलाफ कार्रवाई करें साथ ही आशीष जैन ने कहा कि सिंगोड़ी के अस्पताल में डॉक्टरों की एक टीम बैठली जाए ताकि लोगों को उपचार मिल सके और जिस महिला की मौत हुई है उनके परिवार के लोगों को मुआवजा राशि दी जाए ताकि बच्चों का पालन पोषण हो सके और लापरवाही करने वाले लोगों पर कार्रवाई करें, इस दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे नगर निगम अध्यक्ष सोनू मागो पप्पू यादव सिंगोड़ी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष जैन विनोद सिगोरे आसिफ भाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे



### एक हजार किलो महुला लाहन, 20 लीटर शराब जब्त

**छिन्दवाड़ा।** जिले के विकासखंड चौरई के अंतर्गत बिछुआ में गत दिवस आबकारी विभाग एवं पुलिस स्टाफ की टीम के द्वारा अलग-अलग स्थानों में दबिश दी गई, जिसमें व्रत के ग्राम खमरा, किशनपुर, जूनापानी, ग्वारी में दबिश के दौरान अलग-अलग स्थानों से 1000 किलोग्राम महुआ लहान एवं 20 लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब, 2 चढ़ी हाथ भट्टी एवं विदेशी मदिरा, मेक डबल डार्क रम 8पाव एवं ऑफिसर चॉइस व्हिस्की 6 पाव बरामद की गई तथा मौके पर महुआ लहान का सैंपल लेकर शेष महुआ लहान मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क 34(1) च के तहत प्रकरण कायम किया गया।

### आधार फाउंडेशन में मनाया दीपावली मिलन समारोह

**छिंदवाड़ा।** सोमवार का शुभ दिन आधार फाउंडेशन में निवास कर रहे सभी 90 दिव्यांग बच्चों सहित स्टाफ के लिए विशेष खुशियां लेकर आया।जहां सर्वोदय अहिंसा की टीम के साथ पाटनी परिवार ने दीपावली मिलन समारोह मनाया ओर नृत्यगान कर शुभ दीपावली, शुभ महावीर निर्वाण महोत्सव सहित भाई दूज की खुशियां मनाकर दिव्यांग बच्चों के साथ नृत्यगान किया ओर आधार परिवार को स्वादिष्ट भोजन कराकर फल एवं मिष्ठान बांटा।

## मडका ढाना जंगल की नदी से दिन में रेत भरते अधिकारियों के निर्देश पर पकड़ा गया ट्रैक्टर

### कुआं बादला सर्कल सहित जंगल की नदियों चोरी की खबर हरिभूमि करता रहा प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन राजस्व एवं खनिज विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की संरक्षण में बरसों से होता चला रहा है। इसी अवैध उत्खनन के बलबूते ईन रेत चोरों ने कुआं बादला सर्कल के जंगल में बहने वाली नदी नालों में रेत का अवैध खनन डिप्टी रेंजर नाकेदारों को अपने पैसे के दम पर जंगल की नदियों से रेत चोरी करने के लिए राजी कर लिया और इन्हीं के संरक्षण मै इस सर्कल की सभी नदी नालों में चिन्हित रेत चोरों को अघोषित तरीके से अनुमति दे दी और जम कर उन्होंने जंगल में रेत चोरों ने चोरी शुरू की।

चर्चा तो यहां तक है कि फांसी ढाना के जंगल की नदियों में रेत चोरों से नाकेदार डिप्टी रेंजर जमकर उगाही करते हैं। एक रेत चोर ने दावा किया कि वन कर्मी एवं रेत चोरों के मोबाइल की यदि लोकेशन मिलान करेंगे तो उनके मोबाइल 10 फीट दूरी की परिधि में पाये जाएंगे। इस रेत चोरी के संबंध में जब भी पत्रकारों एवं ग्रामीणों ने रेंजर को जंगल की नदियों से हो रही रेत चोरी के संबंध में शिकायत की तो उन्होंने हर बार रेत चोरी होने से स्पष्ट इनकार किया, लेकिन आज इसी कुआं बादला सर्कल के मडका ढाना जंगल में दिन के उजाले में रेत भरते ट्रैक्टर को रेंजर से ऊपर के अधिकारियों को शिकायत के बाद रेत भरते पकड़ा गया। रेत के ट्रैक्टर को पकड़े जाने के पीछे पकड़ने की योजना बनाई गई और दो वन विभाग के कर्मी सादे निवास में नदी पहुंचे। वहां पर उन्होंने सर्वप्रथम ट्रैक्टर चालक से चाबी छीनी एवं मोबाइल कब्जे में लिया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उन्होंने वहीं पर टोपी और वर्दी धारण की और इस ट्रैक्टर को कुआं बादला वन चौकी में खड़ा कर इसका पी ओ आर किया।



इस तरह आज दिन के उजाले में पकड़े गए रेत से भरे ट्रैक्टर में कुआं बादला सर्कल में वन विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से हो रही रेत चोरी का खुलासा हुआ, जबकि हरिभूमि लगातार जंगल की नदी से रेत चोरी होने संबंधी समाचार प्रकाशित करता रहा लेकिन अधिकारी इस हकीकत को झूठलाते रहे।

लेकिन आज पकड़े गए ट्रैक्टर से कुआं बादला सर्कल मैं हो रही रेत चोरी का खुलासा हो गया एवं मैदानी अमले की मिलीभगत की पोल भी खुल गई क्योंकि इसी सर्कल से सैकड़ो ट्रॉली रेत निकाली जा चुकी है, पर केवल दो ट्रैक्टरों पर ही रेत चोरी के प्रकरण दर्ज होना मिली भगत का स्पष्ट सबूत पेश करता है।

अब देखना यह है कि सेहरा ढाना घटलिंगा कोहपानी में हो रही रेत चोरी पर किस तरह अंकुश लगता है। यह तो कार्रवाई होने और नहीं होने पर ही निर्भर करता है।

## कायस्थ परिवार भक्ति भाव से कर रहा महाकाली की उपासना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

श्री मोहन श्रीवास्तव एवं सत्यम भटनागर व शुभम फोटो स्टूडियो व कायस्त परिवार के द्वारा मध्यप्रदेश के छिन्दवाडा जिले के दमुआ नगर में दमुआ न. 12 मे महारानी माता महाकाली जी की विकराल अदभुत प्रतिमा विराजित की गई है। जिसकी एक झलक देखते ही बनती है। श्रद्धालु भक्तगणो से कायस्त परिवार द्वारा आग्रह किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचकर माता के दर्शन कर पुण्यलाभ अर्जित करें। जहां प्रतिदिन महारानी माता महाकाली जी की पूजन अनुष्ठान अराधना का क्रम पंडित श्री शम्भू पाण्डे जी महाराज के सानिध्य में चल रहा है। जहां 27 अक्टूम्बर दिन सोमवार को विशेष पूजा की गई है। दिनांक 28 अक्टूम्बर दिन मंगलवार को महारानी माता महाकाली जी की गोद भराई का कार्यक्रम एवं सुहागले का कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा। दिनांक 29 अक्टूम्बर दिन बुधवार को महारानी माता महाकाली जी का हवन पूजन, पूर्णाहूति, महाआरती का आयोजन होगा और 30 अक्टूम्बर दिन गुरूवार को महाप्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया है।



तत्पश्चात 31 अक्टूम्बर दिन शुक्रवार को को महारानी माता महाकाली जी का हर्षोल्लास पूर्वक कन्हान नदी दमुआ में विर्सजन भी किया जावेगा। जहां भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण भी उपस्थित रहेगें।

## बच्चों ने एफएलएन मेले आयोजन पर निकाली रैली

**सिंगोड़ी।** शासकीय बालक शाला एवं शासकीय कन्या शाला के बच्चों द्वारा एफएलएन मेला आयोजन को लेकर पालक समुदाय को आमंत्रण देते हुए रैली निकाली गई।रैली के माध्यम से स्कूल में पढ़ने वाले अध्यनरत कक्षा के बच्चो के प्रत्येक पलकों मेला में सामिल होने का आग्रह किया गया है। वही शिक्षको ने बताया की जिला कलेक्टर महोदय द्वारा FLN मेले को विशेष रूप से आयोजित करने एवं पालकों की सहभागिता के निर्देश है जिसके अंतर्गत आयोजन किया गया है। इस दौरान प्रधान पाठिका श्रीमती चम्पा नवरेती सुनीता नर्रे निर्मला घोरसे श्रीमती निशा दुबे भैरवी सूर्यवंशी राजेंद्र कांच दीपक चौरे शामिल थे।



### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान

**छिंदवाड़ा।** महापौर विक्रम अहके एवं आयुक्त सी.पी. राय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा सिद्धि विनायक वेस्ट मैनेजमेंट टीम के सहयोग से शहर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता जागरूकता अभियान और स्वच्छता की पाठशाला का सफल आयोजन किया गया। इन अभियानों का उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन सिखाना तथा "स्वच्छ छिंदवाड़ा, सुंदर छिंदवाड़ा" का संदेश जन-जन तक पहुँचाना रहा।वार्ड क्रमांक 35 महर्षि विद्या मंदिर, सर्रा में "स्वच्छता की पाठशाला" आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व, कचरे का वर्गीकरण और स्वच्छता महुआ एप की जानकारी दी गई। छात्रों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा सभी ने स्वच्छता की शपथ ली।वार्ड क्रमांक 33 पटेल कॉलोनी में टीम द्वारा कचरे के वर्गीकरण (गीला, सूखा, घरेलू हानिकारक, सेनेटरी वेस्ट) की जानकारी दी गई तथा नागरिकों को स्वच्छता महुआ एप के उपयोग की जानकारी प्रदान की गई।वार्ड क्रमांक 34 आशीर्वाद कॉलोनी में होम कंपोस्टिंग की प्रक्रिया समझाई गई और नागरिकों को **RRR** (**Reduce**, **Reuse**, **Recycle**) की महत्ता बताई गई। लोगों को कचरे में कमी लाने और पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया।वार्ड क्रमांक 3 इमलीखेडा चौक में रेड स्पॉट न बनाने के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने से बीमारियाँ फैलती हैं और शहर की सुंदरता प्रभावित होती है। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों से फीडबैक लिया गया।



### अमरावती रोड पर स्थल चयन प्रशासन का अदूरदर्शी निर्णय, कोसेंगी भावी पीढ़ियां

## कलेक्टर कार्यालय कृषि मंडी परिसर में बने: पूर्व भाजपा अध्यक्षा महाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा (अजय तावरे)

पिछले लगभग 1 माह से शहर के 4-5 संगठनों ने अमरावती रोड पर प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय स्थल का विरोध करते हुए कृषि उपज मंडी परिसर के पास ही कलेक्टर कार्यालय का नवीन भवन बनाया जाना सभी दृष्टि से उचित होगा, इस आशय के ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय में सौंपे है।

तहसील अधिवक्ता संघ और हम फाउंडेशन भारत के पदाधिकारियों को कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने इस बाबत समीक्षा कर उचित निर्णय लिए जाने का आश्वासन भी दिया है।

#### हर दिन विरोध में उठ रहे स्वर

इसके बाद भी कलेक्टर कार्यालय के चयनित स्थल परिवर्तन के लिए हर दिन नई आवाज उठ रही है। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीन पालीवाल द्वारा गणपति मठ संस्थान की भूमि दान प्रक्रिया अवैध और अनैतिक होने का आरोप अभी ठंडा नहीं पडा है। दूसरी तरफ आज पूर्व जिला पांढुर्ना भाजपा की अध्यक्षा अधिवक्ता वैशाली महाले ने दैनिक हरिभूमि से कहा कि अमरावती रोड पर कलेक्टर कार्यालय बनाए जाने का प्रशासन द्वारा किया निर्णय बिलकुल गलत है। इन्होंने कहा कि अमरावती रोड पर चयनित स्थान की दूरी महाराष्ट्र सीमा से महज 5 किमी है। यदि यहां कलेक्टर कार्यालय बनता है तो प्रशासन का यह अदूरदर्शी निर्णय पूरे पांढुर्ना जिले के नागरिकों के लिए मुसीबत का कारण बन जाएगा।



#### भावी पीढियां हमें कोसेगी

आज इस स्थान पर कलेक्टर कार्यालय बनता है तो यह पांढुर्ना जिले के सिर्फ वर्तमान नागरिकों के लिए नहीं बल्कि भविष्य में हमारी भावी पीढियां के लिए समस्या बन जाएगा। ऐसा होने पर पांढुर्ना के युवा भविष्य में वर्तमान नेताओं, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को निश्चित रूप से सदैव कोसते रहेंगे। इस आशय के विचार पूर्व जिला भाजपा अध्यक्षा अधिवक्ता वैशाली महाले ने व्यक्त किए।

#### बताया जल्दबाजी में लिया निर्णय

इन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अमरावती रोड पर कलेक्टर कार्यालय के लिए स्थल प्रस्तावित किया जाना शायद बहुत जल्दबाजी में लिया गया त्रृटियों से परिपूर्ण निर्णय है। यहां ज्ञात हो कि सौंसर तहसील की सीमा पर स्थित रामाकोना क्षेत्र के नागरिक, सौंसर के रंगारी, लोधिखेडा के आगे महाराष्ट्र की सीमा के आस पास के ग्रामवासियों, नांदनवाडी उपतहसील में 50-60 किमी दूर स्थित आदिवासीजन और बडचिचोली के आगे स्थित आजनगांव बोथियां क्षेत्र के नागरिकों के लिए चयनित स्थान पर कलेक्टर कार्यालय बनाया जाना काफी परेशानीभरा साबित होगा। पूर्व जिला अध्यक्ष अधिवक्ता वैशाली महाले ने आशा व्यक्त की है पांढुर्ना जिले के नागरिकों के हित में प्रशासनिक अधिकारी उक्त निर्णय की समीक्षा कर इसमें जरूर संशोधन करेंगे।

## किसानों ने एकजुट होकर एसडीएम परासिया को सौंपा ज्ञापन

# कलेक्टर के आदेश से परेशानी में किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



एक ओर जहां केंद्र और राज्य सरकार खेती को लाभ का धंधा बनाने के प्रयास में किसानों के हित के लिए दर्जनों योजनाओं का संचालन कर रही है , तो वहीं छिंदवाड़ा जिले में जिला कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है । जिला कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के खिलाफ विधानसभा क्षेत्र परासिया के किसानों ने एसडीएम परासिया शुभम कुमार यादव को ज्ञापन दिया है ।जिसमें खाद वितरण की नवीन व्यवस्था को निरस्त करते हुए पुरानी व्यवस्था को ही बहाल किए जाने की मांग रखी है ।

सोमवार को परासिया के सैंकड़ों किसानों ने कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन प्रेषित करते हुए बताया , कि कलेक्टर द्वारा विगत दिनों एक बैठक के दौरान रासायनिक खाद वितरण के लिए नवीन व्यवस्था बनाई गई है । जिसमें प्रत्येक किसान को पटवारी के माध्यम से सत्यापन कराना है । जो , कि व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है । किसानों ने मांग रखी है , कि सभी खातेदार का पटवारी के समक्ष उपस्थित होना संभव नहीं है ऐसी स्थिति में वह किसान जो सोसाइटी का सदस्य है , उसे खाद नहीं दी मिलेगी । फिर वह खेती कैसे कर पाएगा ।किसानों ने पुरानी व्यवस्था बहाल किए जाने की मांग रखी है ।ज्ञापन सौंपने के दौरान कमल राय अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी परासिया , ललित सूर्यवंशी , मनोहर राय , प्रमोद भार्गव , शिवकुमार राय , संजय राय , महेन्द्र राय , मोतीलाल राय , पवन राय , दिलीप राय , शंकर यदुवंशी , भरत राय , मनीष सूर्यवंशी , संतोष यदुवंशी , पंकज यदुवंशी , धनसिंग यदुवंशी , निशांत राय सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे ।

## मेडिकल संचालकों ने अपमानजनक खबर पर जताया विरोध



बिछुआ। 26 अक्टूबर को प्रकाशित एक स्थानीय समाचार में मेडिकल स्टोर संचालकों के विरुद्ध अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किए जाने पर समस्त केमिस्ट मेडिकल संचालकों ने तहसील कार्यालय एवं थाना पहुंचकर आपत्ति दर्ज कराई है।संचालकों का कहना है कि समाचार में गलत तथ्यों को प्रस्तुत कर मेडिकल व्यवसाय की छवि धूमिल की गई है। इससे पूरे व्यवसायिक समुदाय के मान-सम्मान को ठेस पहुँची है। उन्होंने बताया कि मेडिकल स्टोर संचालक वैध लाइसेंस के तहत और पंजीकृत फार्मासिस्ट की देखरेख में ही औषधियों का वितरण करते हैं।मेडिकल संचालकों ने बताया कि समाचार में वर्णित आरोप निराधार हैं और इससे समाज में भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि मामले की जाँच कर सत्यता सामने लाई जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की भ्रामक खबरें प्रकाशित न की जाएँ।इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष एवं समस्त मेडिकल संचालकों ने ज्ञापन दिया।

## हरिकेश का बास्केटबॉल प्रांतीय स्पर्धा में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

रामशांति विद्या मंदिर के अंडर 14 बालक वर्ग छात्र खिलाडी मास्टर हरिकेश कुबडे का राज्यस्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। आगामी 28 से 31 अक्तु. तक यह प्रतियोगिता जबलपुर में आयोजित की गई है। इसके पूर्व हरिकेश ने संभागीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। विद्यालय परिवार को आशा है कि हरिकेश अपने शानदार प्रदर्शन से शाला, जिले और अपने माता पिता का नाम रोशन करेगा। शाला चेयरमेन सुभाष बुधराजा, डायरेक्टर शिवम बुधराजा, प्राचार्या चारू गुलाटी, मैनेजर रोहित धवले, बास्केटबॉल कोचअंकित पाल एवं समस्त शिक्षकगणों ने छात्र की जीत पर खुशी जाहिर की है।

### रामेश्वर पराये रामाकोना का निधन

सौंसर। रामाकोना निवासी गौरव पराये इनके पिताजी एवम विश्वास बागडे इनके ससुर रामेश्वर बालकृष्ण परायेइनका सोमवार को नागपुर में निधन हो गया है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार अंतिम संस्कार मंगलवार को शिवम कुंज बोरगांव चोक नागपुर में मानकापुर मोक्ष धाम के लिए निकल जाएगी।दिवंगत श्री रामेश्वर पराए अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## भाजपा सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का जनता ले लाभ : मोहोड़



सौंसर। ग्राम पंचायत गागतवाड़ा में सोमवार को स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन संपन्न हुआ। 100 दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य के 41 वा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पांढुर्णा एवं छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू के निर्देश अनुसार संपूर्ण जिले में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।आयोजन में भारतीय जनता पार्टी पांढुर्णा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजू परमार आदिवासी नेता मोरेश्वर मर्सकोले आदि थे। इस अवसर पर ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और शिविर का लाभ उठाया। ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों को इस शिविर से महत्वपूर्ण सहायता मिली है।स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहड ने कहा कीमाननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना जैसी जनकल्याणकारी पहल कर देश के करोड़ों लोगों को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई हैं। इसके अलावा सैकड़ो आमजन मानस को लाभ लेना चाहिए कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र बागड़े ने किया।इस दौरान शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रूपेश बोकडे, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अलका जैन, डॉ साहिल बडसकर, दंत चिकित्सक डॉ श्वेता सेलकर डॉ कोमल बागड़े डॉ साक्षी रावत, डॉ पूजा कुरकाजी ने बी ई ई रवि प्रसाद तुमडाम आदि के द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं दी गई।इस अवसर पर ,जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, नारायण वाडोडे,श्रीमती प्रतिभाबाई उईके,जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड,पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड रामकृष्ण वाकोडे,प्रीतम राऊत,दिपक कामडे, सदानंद डोंगरे, नामदेव पाल जी, श्री सुधाकर सनेसर शंकर गोरे,देवराज सितकारे, दिनेश भलावी आदि थे।

## आज होगा सौंसर में सतपाल महाराज का कार्यक्रम

सौंसर। वंदनीय राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के 57 वे पुण्यतिथि महोत्सव के उपलक्ष्य में अंतर्राज्यीय भव्य महिला खंजेरी भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।श्री गुरूदेव नवयुवक सेवाश्रम के तत्वावधान में वार्ड 6 सावता चौक में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड जिला महामंत्री देवेन्द बाल्या गायकवाड, भाजपा नेता मोरेष्वर मर्सकोले, सुनील बोबडे, संजय वरोकर, संजय बागडे, अमोल राऊत, नंदकिषोर वरोकर तथा समिति अध्यक्ष हरिभाऊ वरूडकर, उपाध्यक्ष सुरेष गनोरकर, परसराम राणे, सचिव प्रविण बुले, सहसचिव विजय वाडेकर, कोषाध्यक्ष डॉ एन एम कडु, सहकोषाध्यक्ष संदीप कोरडे, मनोहर गाडगे, विजय फसाटे, प्रभाकर बोबडे, श्रीमती मालीनी महाजनकी प्रमुख उपस्थिति में किया गया। जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने कहा कि, तुकडोंजी महाराज केवल संत नही, बल्कि समाज सुधारक, कर्मयोगी और राष्ट्रनिर्माता थे। उन्होने ग्राम स्वराज, स्वच्छता, षिक्षा और आत्मनिर्भरता के माध्यम से जनजागृति का अद्भूत उदाहरण प्रस्तुत किया। समाज को संगठित करने, युवाओं में राष्ट्रप्रेम और सेवा भावना जगाने का जो कार्य तुकडोजी महाराज ने किया, वह युगो-युगों तक स्मरणीय रहेगा। प्रतियोगिता में 17 महिला भजन मंडलों ने भाग लेकर एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुति दी। 28 अक्टुबर को षाम 7 बजें राष्ट्रीय किर्तन एवं समाज प्रबोधनकार सप्त खंजेरी वादक सत्यपाल महाराज की प्रस्तुति होगी।

### गांगतवाड़ा में स्कूटी वितरण कार्यक्रम हुआ

सौंसर। सोमवार को ग्राम गांगड़वाड़ा में भारतीय जनता पार्टी पांढुर्णा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांगतवाडा में मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कूटी वितरण कार्यक्रम में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए हौसला अफजाई की है। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहोड़ के द्वारा बच्चों से संवाद करते हुए शासन और सरकार की ओर से शिक्षा स्कूलों एवं छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित योजनाओं के संबंध में चर्चा करते हुए आगामी बोर्ड परीक्षाओं में स्कूल और ग्राम का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन करने की शुभकामनाएं दी।

## बोरगांव में छठ महापर्व पर होगा विशाल आयोजन



सौंसर। लोक आस्था, प्रकृति और सामाजिक एकता का प्रतीक छठ महापर्व सोमवार को अस्त होते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ प्रारंभ हुआ। सौसर नगर, बोरगांव और रेमंड जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले उत्तर भारतीय प्रवासी परिवार इस पर्व को अपनी परंपराओं के अनुरूप श्रद्धा और उत्साह के साथ मना रहे हैं।छठ पर्व विशेष रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रमुख त्योहार है, लेकिन अब इसकी छटा सीमाओं से परे फैल चुकी है। सौसर क्षेत्र में हर वर्ष यह पर्व प्रवासी समुदाय के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों के लिए भी आकर्षण और आस्था का केंद्र बनता जा रहा है। कॉलोनियों, मोहल्लों और छतों पर पूजा की विशेष तैयारियाँ की गईं। कई स्थानों पर सामूहिक छठ आयोजन हुए, जहां स्थानीय लोग भी श्रद्धा से सहभागी बने।चार दिवसीय इस पर्व का दूसरा चरण शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न होगा। छठ पूजा की यह विशेषता है कि इसमें डूबते हुए सूर्य को भी अर्घ्य दिया जाता है जो जीवन में अस्त होते क्षणों में भी श्रद्धा, विश्वास और पुनः उदय की आशा का प्रतीक है।

## धान की खरई में लगी आग, फसल जलकर हुई खाक

### तीन एकड़ धान की कटी फसल जलकर राख

### अज्ञात तत्वों ने लगाई आग, किसान को 1 लाख 10 हजार का नुकसान

हरिभूमि न्यूज लांजी ।





लांजी लांजी नगर परिषद अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक एक बकरामुंडी में रविवार की रात एक किसान के खेत खलिहान की खरई में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। इससे तीन एकड़ धान की फसल जलकर राख हो गई। धान की फसल पूरी जलने से किसान खिन्नी राम पिता दयाराम की चिंता बढ़ गई है। किसान ने बताया कि इस धान की खरी में तीन एकड़ जमीन की फसल थी जिसमें लगभग 45 क्विंटल धान निकलता जिसकी लागत लगभग 1लाख दस हजार रुपए की है। किसान ने बताया कि हमारा खेत गांव के आखिरी में है और हमारे खेत से नगर परिषद कचरा संग्रहालय लगा हुआ है। खरीदा जलने की घटना हमें सुबह प्राप्त हुई। जिसकी जानकारी हमारे द्वारा वार्ड पार्षद को दी गई वार्ड पार्षद के द्वारा इस घटना की जानकारी लांजी एसडीएम एवं तहसीलदार को तत्काल दी गई जानकारी को संज्ञान में लेते हुए लांजी एसडीएम के द्वारा लांजी पटवारी एवं कोटवार को भेज कर मौके स्थल का पंचनामा बनाया गया। धान की खरी जलने की शिकायत किसान के द्वारा लांजी थाने में की गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इनका कहना है

आगजनी से फसल नष्ट हुई है। जिसके लिए मेरे द्वारा पटवारी को मौके स्थल पर भेजा गया था पटवारी के द्वारा पंचनामा की कार्यवाही कर ली गई है अभी रिपोर्ट आना बाकी है जैसे ही रिपोर्ट आती है तो मेरे द्वारा कार्रवाई की जाएगी जिसके तहत किसान को सहायता प्रदान की जाएगी।

**हिम्मत सिंह भवेदी,**
**तहसीलदार लांजी**

### एक साल की अस्थायी लीज की भूमि पर नियम विरुद्ध बिना अनुमति कर रहे पक्के निर्माण

# नेताओं व परिषद के संरक्षण में भूमाफिया बेखौफ

### शिकायत के बावजूद परिषद, सीएमओ, अध्यक्ष कार्यवाही करने में अक्षम

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी नगर पालिका क्षेत्र में अस्थायी लीजधारियों द्वारा सक्षम अनुमति प्राप्त किये बिना स्थायी आरसीसी स्लैब कॉलम बनाकर बहुमंजिल दुकान निर्माण किये जाने की शिकायत पर गंभीर रुख अपनाते हुये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्तिकेय जायसवाल ने राजस्व निरीक्षक को निर्माणाधीन दुकानों के निर्माण स्थल का अवलोकन कर अविलम्ब जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है।

**बिना अनुमति प्रावधानों के विरुद्ध बन रही दुकानेः** एसडीएम श्री जायसवाल को लिखित शिकायत में अवगत कराया गया था कि नगरपालिका क्षेत्र में बिना अनुमति के निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। जबकि प्रावधानों के अनुसार किसी भी तरह का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सक्षम अनुमति प्राप्त करने के बाद ही निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये है। इसके बावजूद राजनीतिक संरक्षण प्राप्त भू माफियाओं द्वारा अनुमति प्राप्त किये बिना बहुमंजिल पक्की दुकानों का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं।

**वर्तमान परिषद के कार्यकाल में 50 से अधिक दुकानों का हो गया है निर्माणः** शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख है कि वर्तमान परिषद के अब तक के कार्यकाल में 50 से भी अधिक दुकानों का इस तरह निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया, लेकिन परिषद की ओर से अवैध निर्माण कार्य करने वाले लीजधारी को केवल कार्य बंद करने नोटिस देकर कागजी खानापूर्ति कर ली गई।

3 माह के अंतराल में लगभग 10 दुकानों को निर्माण है प्रारंभ

वर्तमान समय में 3 माह के अंतराल में ही 10 दुकानों का निर्माण कार्य बस स्टेण्ड और मुख्य मार्ग पर प्रारंभ हैं, उन्हें भी निर्माण कार्य बंद करने का नोटिस दिया गया था, लेकिन ना तो निर्माण कार्य बंद हुआ और तो और निर्माण पूर्णतः की ओर है।



**राजनेताओं के संरक्षण में हो रहा हैं अवैध निर्माणः** वर्तमान समय में वारासिवनी नगर में अराजक स्थिति का निर्माण होता दिखाई दे रहा हैं। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर अवैध निर्माण करने की शिकायतें निरंतर प्रकाश में आई है। लेकिन राजनेताओं के संरक्षण के चलते भूमाफिया बेखौफ होकर अवैध निर्माण कार्यों को अंजाम देने में लगे है।

**शिकायत के बावजूद सीएमओ व अध्यक्ष ने नहीं कर रहे कार्यवाहीः** यह उल्लेखनीय है कि अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाये जाने के लिए अध्यक्ष नगरपालिका परिषद वारासिवनी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी को लिखित शिकायत पत्र व मौखिक सूचना दिये जाने के बाद भी अवैधानिक कार्य पर रोक लगाये जाने की बजाय उन्हें खुला संरक्षण दिया जाना जन चर्चा का विषय बना हुआ है।

**एसडीएम के 1 अक्टूबर 25 के पत्र पर भी सीएमओ ने नहीं की कोई कार्यवाहीः** यहीं नहीं एक शिकायत पर एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल द्वारा 1 अक्टूबर 25 को नगरपालिका सीएमओ को अवैध रुप से निर्माण की जा रही दुकानों के संबंध में कार्यवाही कर प्रतिवेदन मॉगा गया था, लेकिन उनके द्वारा एसडीएम के पत्र की अवहेलना करते हुए 26 दिन बाद भी कोई कार्यवाही नही की गई, बल्कि जिस दुकान निर्माण की शिकायत की गई थी, वह दुकान बन कर तैयार हो गई है।

अब देखना यह हैं कि नगरपालिका के संरक्षण की शासकीय नजूल भूमि पर नियम विरुद्ध हो रहे निर्माण कार्यो पर रोक लगाने और अवैध निर्माणकर्ताओं पर एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल कोई कार्यवाही कर पाते हैं या नहीं? अथवा वह भी राजनीतिक दबाव में एक साल की अस्थायी लीज लेकर उस पर हमेशा के लिए कब्जा करने वाले तथाकथित भूमाफियाओं को संरक्षण प्रदान करते है?

### डहरवाल कलार समाज मिरेगाँव द्वारा भगवान राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जयंती आज मनाई जाएगी

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** डहरवाल कलार समाज मिरेगाँव द्वारा आज, 28 अक्टूबर, मंगलवार को, समाज के आराध्य देव भगवान श्री राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस पावन अवसर पर समाज के सभी बंधुओं की उपस्थिति प्रार्थनीय है।समाज के सचिव अविनाश चन्द्रवार ने बताया कि भगवान राज राजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जयंती के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम शाम 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम हनुमान मंदिर के पास सभा मंच मिरेगाँव में सम्पन्न होगा।डहरवाल कलार समाज मिरेगाँव ने सभी सामाजिक बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित समय और स्थान पर पहुँचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। कार्यक्रम में पूजा-अर्चना के साथ-साथ अन्य धार्मिक और सामाजिक गतिविधियाँ भी आयोजित की जा सकती हैं।



## सी एम सी एल डी पी छात्रो को दी गई विधिक साक्षरता की जानकारी

हरिभूमि न्यूज उकवा।



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में अध्यनरत छात्रो को जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मान सुरेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में रविवार को शा.अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर में में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला न्यायाधीश द्वारा शिविर में उपस्थित छात्रों को लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012, अपराध पीडित प्रतिकर योजना, मध्यस्थता योजना आदि की जानकारी दी गई। इसी क्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य एवं निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक अथवा अन्य निर्योग्यता के कारण न्याय पाने से वंछित न होने पाए। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला एवं बालक, औद्योगिक कर्मकार, आपदा प्रभावित, दिव्यांगजन एवं जेल में निरूद्ध बंदियों को तथा ऐसे समस्त व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय 2 लाख रूपये से कम हो निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ ले सकता है। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन कर सकते है तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में 15100 हेल्पलाईन नंबर से भी जानकारी प्राप्त कर सकत है। साक्षरता शिविर में अधिवक्ता आकाक्षा मडावी चुनेन्द्र बघेल मानसी पारधी व संजय नागेश्वर क्षरा निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, पॉक्सों एक्ट, नालसा (बच्चों की मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2015) आदि की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किशोर बालकों के साथ हो रहे अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतु एवं मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, नालसा के हेल्पलाईन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक श्री महेश पटले परामर्शदाता श्री शिवनाथ यादव सुरेश यादव आंकाक्षा तेकाम भंवर सिंह मेरावी संदीप गजभिये अभय यादव उपस्थित रहे।

## चुटिया में नवमीं की मंडई के अवसर पर संस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

### विधायक विवेक पटेल एंव पूर्व सांसद बोधसिहं भगत कार्यक्रम में प्रमुख आतिथ्य के रूप में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम में चुटिया में प्रतिवर्षानुसार नवमीं की मडई के अवसर पर जय बजरगं मंडई समिती के तत्वावधान में 30 अक्टूबर गुरुवार को संस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में दुय्यम शायरी का शानदार मुकाबला रखा गया है । जिसमें कलाकारो के द्वारा अपनी कला की प्रस्तूती दि जायेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख आतिथ्य के रूप में पूर्व सांसद बोधसिंग भगत, वारासिवनी खैरलाजी विधायक विवेक पटेल, जावेद अली अध्यक्ष राहुल गांधी विचार मंच, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी गुनाराम बघेले, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, पूर्व जिलापंचायत सदस्य राम कुमार नागपुरे, समाजसेवी भारत सिंह शिवहरे सहित अन्य अतिथीगण मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती माया सुभाष क्षीरसागर के द्वारा की जायेगी। यह जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता एंव सरपंच प्रतिनिधी सुभाष क्षीरसागर के द्वारा दि गई। उन्होंनो बताया की ग्राम की मंडई के अवसर पर दुय्यम शायरी का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।

### सीएम राईज बालाघाट प्रांगण में 28 अक्टूबर को रोजगार मेले का आयोजन

बालाघाट। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में सूक्ष्म, लघु और मध्यम विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत संयुक्त रूप से रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 28 अक्टूबर को सांदीपनी विद्यालय (सीएम राईज) बालाघाट के प्रांगण में किया जा रहा है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले ने बताया कि इस रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक आवेदक अपनी समस्त शैक्षिणक योग्यता के प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो आदि लेकर मेले में उपस्थित हो सकते हैं। रोजगार मेले का आयोजन प्रातः 10:30 बजे से सायं 04 बजे तक किया जायेगा।

# राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव का भव्य शुभारंभ

## प्रदेश के 55 जिलों से पहुँचे प्रतिभागी छात्र-छात्राएं, जंगल सफारी का लिया रोमांचक अनुभव

**सोमवार 27 अक्टूबर को राज्यस्तरीय मोगली बाल उत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। सिवनी विधायक श्री दिनेश राय सहित अन्य जप्रतिनिधियों एवं कार्यक्रम की नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत तथा कैंप कमांडर जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. कुमरे की उपस्थिति में बघीरा समूह के 113 मोगली मित्रों को प्रातः 6:00 बजे हरी झंडी दिखाकर जंगल सफारी के लिए रवाना किया गया, जिसके साथ उत्सव का औपचारिक आगाज हुआ।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।





विधायक श्री राय ने मोगली मित्रों को वन्यजीव, प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश देते हुए शुभकामनाएँ दीं। मोगली मित्रों के साथ 21 जिलों की मार्गदर्शी शिक्षिकाएँ, सहजकर्ता तथा वन विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे।

वन विभाग के सहयोग एवं पर्यवेक्षण में 22 जिप्सी वाहनों से बच्चों ने पेंच टाइगर रिज़र्व के कोर एरिया में जंगल सफारी की, जहाँ उन्होंने संरक्षित वन की पारिस्थितिकी तंत्र का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। बच्चों ने चीतल, सांभर, लोमड़ी, हिरण, मोर एवं विभिन्न पक्षियों को नज़दीक से देखा। कुछ मोगली मित्रों को टाइगर, उसके दो शावकों और मादा तेंदुए भी दिखाई दिए।

सफारी के दौरान अलीकट्टा के अल्पविराम स्थल पर जलपान के पश्चात वन विभाग द्वारा आयोजित पर्यावरण क्विज़ में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

दूसरे समूह 'बालू' के 97 बच्चों ने सहजकर्ताओं व वन विभाग के साथ ट्रेज़र हंट एवं हैबिटेट सर्च गतिविधियों में भाग लिया, जबकि तीसरे समूह 'का' के 94 मोगली मित्रों ने नेचर ट्रेल में भाग लेकर जंगल की वनस्पतियों, जैवविविधता और पर्यावरणीय संतुलन को समझा।

प्रतिभागी छात्र-छात्राएँ इसके अलावा ग्राम टूरिया भी पहुँचे, जहाँ उन्होंने 1930 में हुए जंगल सत्याग्रह की स्मृति में निर्मित शहीद स्मारक का अवलोकन किया और क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास से परिचित हुए। दोपहर की गतिविधियों के अंतर्गत जैवविविधता पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता, एप्को द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा, तथा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ, जिला सिवनी किसानों की बैठक सेक्टर हिनोतिया में आयोजित गई, कार्यालय कलेक्टर जिला दंडाधिकारी सिवनी जिला सिवनी आदेश, फसल अवशेष, नरवाई मेंआग लगाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है आदेश का उल्लंघन करने पर भा.न्या.स.धारा 223 के अंतर्गत, किसानों को दंडित किया जावेगा, अर्थ दंड लागू होगा, संबंधी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने हेतु दिनांक 28 10 2025 जिला कलेक्टर सिवनी को ज्ञापन सौपा जावेगा। जिला प्रशासन के माध्यम से आदेश निरस्त न होने पर, सिवनी जिले के किसानों के द्वारा धरना प्रदर्शन, चक्का जाम किया जावेगा जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की

## बरघाट रोड व्यायामशाला के पास 35 वर्षीय युवक का शव मिला

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र में बरघाट रोड व्यायामशाला के पास रामू यादव (35) का शव सोमवार सुबह उसके घर में मिला है। शव लगभग तीन दिन पुराना होने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, रामू यादव अपनी मां के साथ रहता था, लेकिन उसकी मां कुछ दिनों से रिश्तेदारी में गई हुई थीं। पड़ोसियों को सुबह रामू के घर से तेज बदबू आने पर संदेह हुआ। घर का दरवाजा अंदर से बंद था, जिसके बाद पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़कर अंदर देखा गया तो रामू यादव मृत अवस्था में पड़ा था। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा हैडूंडा सिवनी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि मृतक के पड़ोसियों ने घर से दुर्गंध आने की जानकारी दी थी। दरवाजा तोड़ने पर रामू यादव का शव मिला, जो लगभग तीन दिन पुराना प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी मिल पाएगी। फिलहाल, मर्ग कायम कर आगे की जांच की जा रही है।

## सड़क हादसे में दो लोग घायल

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

ल्ले के छपारा थाना क्षेत्र में खटकर ग्राम के पास देर रात एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पड़े पत्थर से टकराकर फिसल गई। इस दुर्घटना में एक ही परिवार बाइक सवार दो महिलाएं और एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, तीनों छपारा से अपने गांव की ओर जा रहे थे। खटकर ग्राम के समीप पहुंचने पर उनकी बाइक सड़क पर पड़े एक पत्थर से टकरा गई, जिससे वह अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में घायल हुए तीनों लोगों को सिर, हाथ, पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर छपारा पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है। छपारा थाना प्रभारी खेमेंद्र जेतवार ने बताया कि उन्हें बाइक फिसलने सेहुए हादसे की सूचना मिली थी और फिलहाल मामले की जांच जारी है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है, लेकिन लापरवाही के कारण ऐसे हादसे बढ़ रहे हैं। जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई, वहां वाहनों और लोगों का आवागमन अधिक रहता है। सड़क पर पत्थरों के पड़े रहने से भी ऐसी दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।

### कलचुरी कलार समाज धूमा मे सहस्त्रबाहु जयंती आज

कलचुरी कलार समाज की आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु कार्तवीर अर्जुन जी की जयंती कार्यक्रम यूतो संपूर्ण भारतवर्ष में मनाया जाता है इसी क्रम में कलार समाज धूमा में जयंती महापर्व 28 अक्टूबर 2025 दिन मंगलवार को शाम 4 बजे धूमा नगर में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है जिसमें धूमा नगर के सामाजिक जनों ने अन्य सामाजिक बंधुओ से उपस्थिति की अपील की है साथ ही कार्यक्रम में पिछले कई वर्षों मे दिवंगत हुए स्थानीय सामाजिक जनों के लिए श्रद्धांजलि सभा में सहानुभूति स्वरूप परिजनों के छायाचित्र भेंट किया जाना व भगवान सहस्त्रबाहु की पूजन अर्चन महा आरती सामाजिक भोज भंडारा प्रसाद के साथ बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने हैं जिसमें सामाजिक जनों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित की अपील की जाती है।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव तथा रिकॉर्ड संधारण की जानकारी ली। उन्होंने वेयरहाउस में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन यंत्रों एवं सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति की भी जांच की।



निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री सी. एल. चनाप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा उपकरण सक्रिय एवं कार्यशील स्थिति में रहें तथा परिसर में साफ-सफाई और सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।

## ऑनलाईन एग्जाम सेंटर खुलवाए जाएं-अकील अहमद

### शिक्षित बेरोजगारों के हित सामाजिक कार्यकर्ता अकील अहमद ने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शिक्षित बेरोजगारों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है उनके दर्द की कराह सिर्फ उनका परिवार वाले ही समझ सकते है हाईस्कूल, हायर सेकेन्डरी, स्नातक, स्नातकोत्तर, इंजीनियरिंग, पी.एच.डी. और कई डिग्री से लेकर लाखों शिक्षित बेरोजगारों नौकरी की आस में तैयारी कर रहे क्योंकि उनके परिवार के पास कोई घंधा लगाने के लिए पूंजी नहीं है हुनर तो है पैसा नहीं है इसलिए निकलने वाले पदो पर आवेदन कर रहे हैं क्योकि समाज भी सरकारी नौकरी करने वालों को सम्मान देता है।

समस्या यह है सरकारी नौकरी के लिए ज्यादतर ऑन लाईन एग्जाम हो रहे है जिनका सेंटर प्रदेश के बड़े बड़े महानगरों संभाग स्तर के शहरों में बनते है वो भी अलग-अलग सेंटरों में होते हैं और तिथि भी अलग होती है जिसका स्तर पर यह व्यवस्था नगण्य है। इन, एग्जाम सेंटरों पर आने जाने पर हजारों रूपया खर्च होता है आने जाने पर रुकता, खाना, फ्रेश होनें एवं सेंटर तक पहुंचाना पर शिक्षित बेरोजगारों को खुले तौर पर लूटा जा रहा है। अगर किसी के घर में बेटी का एग्जाम देने जा रही है तो उसकी सुरक्षा पर अलग परेशानी होती है। स्थिति विकराल हो जाती है। लाखों परिक्षार्थी हर एग्जाम में कई परेशानी का सामना करते है एग्जाम सेंटर बडे शहर में होने से दूरी अत्याधिक होनें के कारण यात्रा में मानसिक तनाव लिए होते हैं। मंहगाई मार से बेरोजगार बेहाल हो रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अकील अहमद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में प्रदेश सरकार को सुझाव देते हुए कहा है कि यदि प्रदेश सरकार जिला स्तर पर ऑनलाईन एग्जाम की सुविधि करें तो जिलों के बेरोजगारों की चिंता मुक्त होकर भविष्य के लिए अपने प्रयास कर सकते हैं मेरा म.प्र. के मुख्यमंत्री से अपेक्षा है कि जैसे आप स्कूल कांलेज विद्यालय के लिए शासन से सुविधा प्रदान कर रहे । जिला स्तर पर आनलाईन एग्जाम सेंटर खोले तो शिक्षित बेरोजगारों को लुटने से बचाया जा सके ।

प्रदेश के समस्त सांसद, विधायक क्या आपके चुनावी क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों के लिए सक्षम प्रयास करेंगे क्योंकि शिक्षित बेरोजगार आपके क्षेत्र का मतदाता है अगर आपके प्रयासों से हर जिले में ऑनलाईन एग्जाम की सुविधा मिलेगी तो हर शिक्षित बेरोजगार आपका इस प्रयास के लिए आपको साधुवाद देगा।

## ग्राम पंचायत रामनगरी में सचिव, सहायक सचिव दिनेश भलावी ने ली घूस अपूर्ण आवास को कागजों पर किया पूर्ण

**संवाददाता हरिभूमि न्यूज़ आदेगांव विमल चौबे** । हम आपको बता दें कि मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के जनपद पंचायत लखनादौन अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रामनगरी में पदस्थ सचिव, सहायक सचिव दिनेश भलावी ने प्रधानमंत्री आवास योजना को बना लिये अपनी कमाई का जरिया जोकि पात्र हितग्राही का नाम ओपन करने के ऐवज में ले रहे हैं। मनमानी घूस जोकि पात्र हितग्राही से अनजान व्यक्ति के खाते में पैसा पैसा देने का बाद नाम ओपन हुआ उसके बाद दूसरे व्यक्ति के खाते में डल वाये पैसे में पेट नहीं भरा तो फिर सहायक सचिव दिनेश भलावी ने अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए पत्र हितग्राही से आवास की प्रत्येक किस्त डलवाने के ऐवज में लिया 10-10 हजार





रूपये की मनमानी घूस जब हितग्राही से सहायक सचिव दिनेश भलावी मनचाहे पैसे लिया तो हितग्राही आवास पूर्ण नहीं हो पाया अभी भी अपूर्ण है लेकिन मास्टर माइंड सहायक सचिव दिनेश भलावी ने पैसे कमाने के उसी अपूर्ण आवास कागजों पर पूर्ण दर्शा दिया गया है जबकि हकीकत यह है कि धरातल पर वह आवास अभी भी अपूर्ण है। अब यह देखना वाकी होगा कि यह भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद सम्बंधित विभागीय अधिकारियो कर्मचारियो की कमीशन खाने के बाद जो कुम्भकर्ण की नींद लगी हुई है वह जागती हैं की नहीं तो वहीं पुरानी कहावत होगी कि चोर चोर मौसेरे भाई।

## कल लखनवाड़ा बेनगंगा तट पर सत्यनारायण की व्रत कथा का होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी। कार्तिक मास गोपाष्टमी के पर्व पर कृष्ण मंदिर महिला मंडल एवं सिवनी क्षेत्र की समस्त महिला मंडल के द्वारा सत्यनारायण व्रत का आयोजन किया जाएगा।

सिवनी लखनवाड़ा गंगा तट पर भगवान सत्यनारायण जी एवं मां गंगा जी की कार्तिक मास की तिथि गोपाष्टमी दिनांक 29/10/2025 दिन बुधवार को बैनगंगा तट (लखनवाड़ा) में सत्यनारायण व्रत कथा का भव्य आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है ।

कार्तिक मास गोपाष्टमी के पर्व पर बैनगंगा के पावन तट पर कृष्ण मंदिर महिला मंडल समिति एवं सिवनी क्षेत्र की समस्त महिला मण्डल के द्वारा सत्य नारायण व्रत कथा का आयोजन किया जाता है। इस बार दिनांक 29/10/25, दिन बुधवार को भी गोपाष्टमी के पावन पर्व पर सत्यनारायण व्रत कथा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है । साथ ही मां वैनगंगा जी की आरती पूजन, गो पूजन, गीता पाठ, आँवला पूजन, तुलसी पूजन, सत्यनारायण भगवान पूजन एवं कथा का वाचन लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रधान पूजारी हेमन्त त्रिवेदी जी एवं सहयोगी ब्राह्मणों के द्वारा सम्पन्न होगा तथा बैनगंगा मां को चुनरी भेंट की जावेगी पूजन पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जावेगा।

## कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता अभय अग्रवाल केवलारी ब्लॉक अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार

### संगठन, सहकारिता और जनसेवा में निभाई है सक्रिय भूमिका

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले की राजनीति में कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से केवलारी ब्लॉक में नए अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर चर्चाएं तेज हैं। इस पद के लिए कांग्रेस के समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता अभय अग्रवाल का नाम प्रमुख रूप से सामने आ रहा है। 42 वर्षीय अभय अग्रवाल वर्तमान में कांग्रेस कमेटी के केवलारी ब्लॉक मंडलम प्रभारी हैं और वर्षों से संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत एनएसयूआई से की थी और कॉलेज जीवन से ही छात्र राजनीति में भागीदारी निभाई है। युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है।

राजनीतिक रूप से वे स्वर्गीय ठाकुर हरवंश सिंह के करीबी माने जाते थे और उनके मार्गदर्शन में कांग्रेस संगठन के सच्चे सिपाही के रूप में कार्य किया। वर्तमान में वे विधायक ठाकुर रजनीश सिंह के निकट सहयोगियों में गिने जाते हैं तथा क्षेत्र में पार्टी की पकड़ को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अभय अग्रवाल का कहना है कि यदि पार्टी उन्हें जिम्मेदारी देती है तो वे संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने और युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।



अभय अग्रवाल का योगदान केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने सहकारिता क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए हैं और बगलई सेवा सहकारी समिति के निर्वाचित अध्यक्ष के रूप में किसानों और ग्रामीणों के हित में अनेक योजनाएं लागू करवाई हैं। उनके प्रयासों से समिति के कार्यों में पारदर्शिता और जनभागीदारी को बढ़ावा मिला। हांलाकि इस बार ब्लाक अध्यक्ष के पद के लिए अन्य दावेदार वर्तमान ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद मोदी, पूर्व जनपद अध्यक्ष व वर्तमान जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुभाष बघेल व वर्तमान जनपद सदस्य मुकेश राजपूत के नाम भी शामिल है लेकिन इन सभी दावेदारों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी की मंशा अनुसार 45 वर्ष से कम आयु के दावेदार के रूप अभय अग्रवाल की दावेदारी प्रवल है।

## साइबर सिक्योरिटी जागरूकता, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया



नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश सवैया के संरक्षण में एवं एनएसएस प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी मेश्राम के नेतृत्व में एनएसएस इकाई द्वारा साइबर सिक्योरिटी जागरूकता प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें 10 प्रश्नों का समावेश किया गया जिसमें महाविद्यालय की लगभग 75 छात्राओं ने भाग लिया इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान एम ए प्रथम वर्ष की रक्षा कोकोडे द्वितीय स्थान बीएससी थर्ड ईयर की नेहा अहिरवार और तृतीय स्थान एम ए फर्स्ट ईयर की साधना भगत ने प्राप्त कियाऔर साइबर सिक्योरिटी जागरूकता को समझा इस अवसर पर डॉ अनिता बुरडे अर्थशास्त्र विभाग की डॉक्टर अनीता भट्ट उपस्थित रहे और अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया

## श्याम के भजनों को सुनकर झूमते रहे श्रोता

## बड़ी धूमधाम से मनाया गया खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के छपारा में खाटू श्याम जी के जन्मदिन के अवसर पर नगर के शुभ नक्षत्र लॉन में आयोजित भजन संध्या में हजारों लोगों ने खाटू श्याम के दर्शन किए एवं भजनों का आनन्द उठाया। रविवार की रात्रि समस्तीपुर बिहार की सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय भजन गायिका रेशमी शर्मा के द्वारा सुंदर सुंदर भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई, इस अवसर पर बाबा श्याम जी को 56 भोग अर्पण किया गया, पुष्प वर्षा की गई, श्याम रसोई में भंडारा का महा प्रसाद वितरण किया गया, इस कार्यक्रम में केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर खाटू श्याम के दर्शन कर दर्शकों के साथ भजनों का आनन्द लिया। श्याम भजन के कार्यक्रम का यह तृतीय वर्ष था, जो श्याम परिवार छपारा द्वारा आयोजित किया गया था । सफल कार्यक्रम पर श्याम परिवार छपारा द्वारा सभी आगंतुक भक्त जनों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।



## अनुसूचित जाति वर्ग के युवक-युवतियों के लिये स्वरोजगार के नये अवसर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

अनुसूचित जाति वर्ग के युवक एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा अभिनव स्वरोजगार योजना शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत पात्र युवक-युवतियां व्यवसाय, सेवा या उद्योग इकाइयाँ स्थापित कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक एमपी ऑनलाइन पोर्टल https://samast. mponline.gov.in पर अपने समस्त दस्तावेजों सहित आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित सिवनी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना

इस योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के ऐसे युवक-युवतियों को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी जो अपना व्यवसाय प्रारंभ करना चाहते हैं। आवेदक अनुसूचित जाति वर्ग का सदस्य एवं जिले का स्थायी निवासी होना आवश्यक है। आयु सीमा 18 से 55 वर्ष निर्धारित की गई है। आवेदक किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था का बकायादार नहीं होना चाहिए तथा इस योजना का लाभ केवल एक बार ही दिया जाएगा। आवेदन के समय जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, परियोजना प्रतिवेदन (प्रोजेक्ट रिपोर्ट), कोटेशन और पासपोर्ट साइज फोटो की आवश्यकता होगी। योजना के अंतर्गत 10 हजार से 1 लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### संत रविदास स्वरोजगार योजना

इस योजना का उद्देश्य 8वीं कक्षा उत्तीर्ण अनुसूचित जाति वर्ग के युवक-युवतियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है।

आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा किसी बैंक या वित्तीय संस्था का बकायादार नहीं होना चाहिए। आवेदन के दौरान आवश्यक दस्तावेज जैसे जाति प्रमाण पत्र, निवास, आधार, पैन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, कोटेशन और पासपोर्ट फोटो प्रस्तुत करना होगा। योजना के अंतर्गत सेवा इकाइयों के लिए 1 लाख से 25 लाख रुपये तथा विनिर्माण इकाइयों के लिए 1 लाख से 50 लाख रुपये तक ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति सिवनी द्वारा बताया गया है कि इच्छुक युवक-युवतियाँ शीघ्र आवेदन करें ताकि उन्हें समय पर स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा सके।

### वाहन चालक एवं ईएमटी के विरूद्ध दर्ज हुई एफआईआर

# मलेरिया के मरीज से 108 एम्बुलेंस चालक एवं ईएमटी ने रुपए मांगे

## एफआईआर दर्ज होते ही वाहन चालक एवं ईएमटी को गिरफ्तार किया गया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मरीज को उपचार के लिए बिरसा से बालाघाट लाने के दौरान 108 एम्बुलेंस के चालक ललित पवार एवं ईएमटी अनिल राहंगडाले द्वारा मरीज से रुपए मांगे जाने का मामला सामना आने पर कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर उनके विरूद्ध बिरसा एवं बालाघाट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर दर्ज होने के साथ ही दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया है। वाहन चालक एवं ईएमटी की लापरवाही के कारण मरीज के उपचार में विलंब होने से उसकी मृत्यु हो गई है। इस प्रकरण में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के मिशन संचालक को 108 एम्बुलेंस सेवा प्रदान करने वाली अनुबंधित संस्था जय अम्बे एमरजंसी सर्विसेज के लिए कार्यवाही करने के लिए लिखा गया है।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि बैहर विकासखंड के ग्राम जत्ता निवासी 20 वर्षीय युवती गायत्री उईके पिता सालिकराम उईके के मलेरिया से पीड़ित होने पर मरीज को 26 अक्टूबर को रात्रि 08:57 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा से जिला चिकित्सालय बालाघाट के लिए रेफर करने 108 एम्बुलेंस को कॉल किया गया था, जिस पर 108 एम्बुलेंस क्रमांक सीजी-04-एनएस-2464 रात्रि लगभग 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा पहुंची थी और रात्रि लगभग 10:15 बजे मरीज एवं उसके परिजनों को लेकर जिला चिकित्सालय बालाघाट के लिए रवाना हुई थी।

वाहन चालक द्वारा लौगूर घाटी के घने जंगलों वाले ऊँचे पहाड़ी रास्ते पर रात्रि लगभग 11:30 बजे एम्बुलेंस रोककर वाहन चालक ललित पवार एवं ईएमटी अनिल राहंगडाले द्वारा रोगी के परिजन से 700 रुपए की मांग की गई और कहा गया कि हम केवल रोगी के साथ परिवार के 02 सदस्यों को ही ले जाते है, आप 04 लोग हो इसलिए आपको 700 रुपए देना होगा नही तो हम आगे नही ले जाएंगे। पीड़ित परिवार के पास मात्र 600 रुपए ही उपलब्ध थे, जो उन्होंने वाहन चालक को दे दिये, तभी वाहन आगे बढ़ाया गया। रास्ते में वाहन चालक एवं ईएमटी मरीज को बालाघाट के प्राईवेट अस्पताल में ले जाने के लिए प्रेरित कर रहे थे, जबकि बिरसा अस्पताल से मरीज को स्पष्ट रूप से जिला चिकित्सालय बालाघाट ले जाने के लिए कहा गया था। 108 एम्बुलेंस द्वारा रात्रि लगभग 12:10 बजे रोगी एवं उसके परिजनों को जिला चिकित्सालय बालाघाट में छोड़ा गया। रोगी के उपचार में विलंब होने के कारण उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए 108 एम्बुलेंस के चालक ललित पवार एवं ईएमटी अनिल राहंगडाले द्वारा गरीब आदिवासी ग्रामीण महिलाओं एवं उनके परिजनों को प्रताड़ित कर परिवहन के लिए अनावश्यक राशि वसूल करने पर उनके विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। एफआईआर दर्ज होने के साथ ही दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के मिशन संचालक को 108 एम्बुलेंस सेवा प्रदान करने वाली अनुबंधित संस्था जय अम्बे एमरजंसी सर्विसेज के लिए कार्यवाही करने के लिए लिखा गया है।

# खुर्शीद अंसारी बालाघाट पहुंचीं, महिला सुरक्षा पर सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत महिला कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी क्रम में पर्यवेक्षक खुर्शीद अंसारी सोमवार को बालाघाट पहुंचीं।

यहां विधायक अनुभा मुंजारे और महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सर्किट हाउस में अंसारी ने महिला कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ संगठन सृजन अभियान पर चर्चा की। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए खुर्शीद अंसारी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में महिलाएं और बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं।

अंसारी ने कहा कि प्रदेश सरकार केवल 'गमछे वालों' को बचाने में लगी है, जबकि आज भी बेटियां और महिलाएं घर से निकलते समय अपनी सुरक्षा को लेकर भयभीत रहती हैं। उन्होंने लाड़ली बहना योजना को सरकार के लिए केवल वोट बैंक बताया। अंसारी ने कहा कि भाजपा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा तो देती है, लेकिन महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है।

महिला कांग्रेस में अध्यक्ष पद खाली होने के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत ही जिलाध्यक्ष का नाम तय किया जा रहा है। इसी कार्य के लिए वे बालाघाट आई हैं और यहां से महिला अध्यक्षों के नामों का पैनल तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपेंगी।

एक अन्य सवाल के जवाब में अंसारी ने कहा कि भाजपा राहुल गांधी पर हमला बोलकर जनता का ध्यान मुख्य मुद्दों से भटकाने का प्रयास करती है। उन्होंने जोर दिया कि देश आज महंगाई, महिला सुरक्षा और अन्य गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है।

### सरपंच ने उठाए सवाल सूचना तंत्र क्या कर रहा...?

# लालबर्रा में झंडी मुंडी,जुआ-सट्टे पर पुलिस की अपील

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

मंडई-मेलों के दौरान प्रबुद्धजनों और बुद्धिजीवियों की ओर से लगातार उठ रही झंडी-मुंडी व सट्टे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने की मांग के बीच, लालबर्रा थाना में पदस्थ आरक्षक सुशील विश्वकर्मा द्वारा एक व्हाट्सएप्प अपील साझा किए जाने से क्षेत्र में गहमागहमी बढ़ गई है।आरक्षक विश्वकर्मा ने सोमवार को विभिन्न वाट्सअप ग्रुप पर एक अपील साझा करते हुए सभी प्रबुद्ध जनों से आग्रह किया कि, थाना लालबर्रा क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी मंडई मेले में झंडी-मुंडी, जुआ या अन्य कोई भी अपराधिक गतिविधि की जानकारी समय रहते थाना प्रभारी (9479990087) या थाना लालबर्रा (9993033748) को देने का काम करें, जिससे आपराधिक गतिविधि में संलिप्त लोगों पर उचित कार्यवाही की जा सके।




**सरपंच ने पुलिस के 'सूचना तंत्र' पर उठाए सवाल:** हालांकि, पुलिस की इस अपील पर जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कनकी के युवा और जागरूक सरपंच दुर्गाप्रसाद पगरवार ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। सरपंच पगरवार ने पुलिस के सूचना तंत्र की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कमेंट किया कि, ₹ग्राम कनकी, बेहरई, लवादा क्षेत्र में प्रतिदिन लगातार कई दिनों से जुआ चल रहा है। आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। सूचना तंत्र क्या कर रहा है आपका? कई बार आपको जानकारी दी जाती है, लेकिन कार्यवाही शून्य।₹सरपंच के इस कमेंट ने पुलिस की सक्रियता और स्थानीय स्तर पर अवैध गतिविधियों की जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई न होने के मुद्दे को उजागर कर दिया है।

**बुद्धिजीवी वर्ग ने बताया 'छवि बचाने का प्रयास':** वहीं, इस पूरे मामले पर बुद्धिजीवी वर्ग ने पुलिस द्वारा की गई इस अपील को एक अलग नजरिए से देखा है। उनका मानना है कि लगातार बढ़ रहे झंडी-मुंडी सट्टे और जुआ कारोबार को रोकने में विफलता और स्थानीय लोगों की बढ़ती मांग के कारण, पुलिस अपनी धूमिल हो रही छवि को बचाने का प्रयास कर रही है। उनका मत है कि पुलिस का सूचना तंत्र यदि सक्रिय होता, तो उन्हें नागरिकों से अपील करने की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि वे स्वयं ही अवैध गतिविधियों पर नकेल कसते।इस घटनाक्रम से स्पष्ट है कि लालबर्रा क्षेत्र में जुआ और सट्टे के कारोबार को लेकर पुलिस और जनता के बीच सूचना एवं कार्रवाई को लेकर बड़ा अंतर दिखाई दे रहा है।

# मनरेगा उपयंत्री हड़ताल पर, पंचायतों में काम ठप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में मनरेगा के 68 उपयंत्री 18 अगस्त से हड़ताल पर हैं। वेतन विसंगति, ग्रेच्युटी और अनुकंपा नियुक्ति सहित आठ सूत्रीय मांगों को लेकर यह हड़ताल 70 दिनों से जारी है, जिससे मनरेगा और पंचायत के निर्माण कार्य ठप पड़ गए हैं।

उपयंत्रियों की हड़ताल के कारण मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है और उन्हें भुगतान भी नहीं मिला। सोमवार को नगर के उद्यान में मनरेगा अभियंताओं ने बैठक की और आगामी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की।

कोसमी पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि गगन नगपुरे ने बताया कि उपयंत्रियों की हड़ताल से पंचायतों में निर्माण कार्य रुके हुए हैं। फंड होने के बावजूद काम नहीं हो पा रहा है, जिससे मजदूर भी परेशान हैं।

मनरेगा अभियंता संघ के जिलाध्यक्ष भीवराम भोयर ने कहा कि 70 दिनों से शांतिपूर्ण हड़ताल के बावजूद सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कोई निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन उग्र रूप ले सकता है।

शासन और उपयंत्रियों के बीच गतिरोध बना हुआ है, जहां अभियंता मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने पर अड़े हैं। इस काम बंद हड़ताल से ग्रामीण विकास विभाग की योजनाएं प्रभावित हुई हैं और मजदूरों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

मनरेगा के तहत तालाब निर्माण, सड़क मरम्मत, नाली निर्माण जैसे सार्वजनिक कार्य ठप हैं।

उपयंत्रियों की प्रमुख मांगों में संविदा पारिश्रमिक की गणना नियुक्ति तारीख से सेवा अवधि के आधार पर करना, समकक्ष नियमित उपयंत्री के वेतन के बराबर भुगतान, वार्षिक वेतन वृद्धि के आदेश जारी करना और मनरेगा उपयंत्री की मृत्यु पर आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देना शामिल है।

### एक वर्ष से मालिक का सोना लेकर फरार था आरोपी

# 16 लाख रुपये के 120 ग्राम सोने के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

लगभग एक वर्ष मालिक का लगभग 200 ग्राम सोना लेकर फरार हुआ कारीगर आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ ही गया। पुलिस ने इस कारीगर से लगभग 16 लाख रुपये मूल्य का 120 ग्राम सोना बरामद किया हैं। पुलिस थाना वारासिवनी द्वारा प्रेस नोट के अनुसार गत वर्ष 16 नवम्बर 2024 को वारासिवनी नगर के आंबेडकर चौक पर स्थित शुभ कलश ज्वेलर्स के मालिक आकाशदीप पंचारिया निवासी वार्ड क्रमांक 14 ने थाना वारासिवनी मेंरिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी शुभ कलश ज्वेलर्स नामक दुकान आंबेडकर चौक वारासिवनी मेंस्थित है। जहाँ वह स्वयं सोने के आभषूण बनाने का कार्य करते हैं। उनके यहाँ सनातन पिता महादेव दोलोई उम्र 35 वर्ष निवासी धन्नागढ़ी थाना जयपुर जिला हावड़ा पश्चिम बंगाल कारीगर के रुप में कार्यरत था। 03 नवम्बर 2024 को मेरे द्वारा कारीगर सनातन दोलाई को लगभग 200 ग्राम सोना जेवर निर्माण हेतु दिया गया था। लेकिन 09 नवम्बर 2024 को वह बिना सूचना दिए दुकान से चला गया। उसने कुछ अधूरे जेवर दुकान मेंछोड़ दिए तथा शेष सोना लेकर फरार हो गया। फरियादी आ का श दी प की शिकायत पर थाना वारासिवनी में अपराध क्रमांक 365/24 धारा 316(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मेंलिया गया था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निहित उपाध्याय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस वारासिवनी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में थाना वारासिवनी पुलिस ने एक वर्ष पुराने सोना गबन मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है।

विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा निरंतर तलाश एवं प्राप्त सूचनाओं के आधार पर आरोपी सनातन दोलोई को 22 अक्टूबर 2025 को वारासिवनी से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर वारासिवनी स्थित उसके किराये के कमरे कहारी मोहल्ला से सोने की धातु के दो टुकड़े वजन लगभग 20 ग्राम तथा टोडिया नाला वारासिवनी के पास झाडियों से एक सोने का बिस्कुट, एक सोने की चॉकलेट एवं एक सोने की पट्टी कुल वजन लगभग 100 ग्राम बरामद की गई। इस प्रकार कुल 120 ग्राम सोने का सामान कीमत लगभग 16 लाख रुपये बरामद किया गया है।

# भाजपा नेता ने युवक को प्लास्टिक पाइप से पीटा, केस दर्ज

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में भाजपा नेता का युवक को पीटने का मामला सामने आया है। यह घटना 25 अक्टूबर की बताई जा रही है, जबकि वीडियो सोमवार शाम को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। युवक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। वीडियो में भाजपा नेता युवक को प्लास्टिक पाइप से पीटते हुए दिखाई दे रहा है। बाद में नेता ने सोशल मीडिया पर सफाई देते हुए कहा कि युवक "नशेड़ी" है और उसने पहले हमला करने की कोशिश की थी। जिस युवक की पिटाई हुई, उसकी पहचान अंकित दमाहे के रूप में हुई है। आरोपी भाजपा नेता का नाम सतीश लिल्हारे है, जो बालाघाट के भाजपा मंडल अध्यक्ष हैं। शनिवार को दोनों एक स्थानीय कार्यक्रम में मौजूद थे। उसी दौरान किसी बात पर विवाद हो गया। वीडियो में अंकित कुर्सी पर बैठा दिख रहा है और बार-बार कह रहा है, "मुझे मारो।" इसके बाद गुस्से में सतीश लिल्हारे प्लास्टिक पाइप उठाकर अंकित के पैर और पीठ पर प्रहार करते हैं। वह उसे थप्पड़ भी मारते हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर लिल्हारे के हाथ से पाइप छीन लिया। इसके बाद वीडियो में अंकित खुद अपना सिर पीटते हुए भी दिख रहा है।



## 01 नवम्बर से सरेखा अंडरब्रिज का सुधार कार्य प्रारंभ

**बालाघाट।** बालाघाट नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत बालाघाट-गोंदिया मार्ग रेल्वे क्रासिंग में नवनिर्मित रेलवे अंडरब्रिज का मरम्मत और सुदृढीकरण कार्य रेलवे विभाग द्वारा किया जाना है। जिस पर 01 नवम्बर से सुधार कार्य की कार्यवाही प्रारंभ कर दी जाएगी। इस दौरान जिले के आम नागरिकों के आवागमन की सुविधा के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री मृणाल मीना के निर्देश पर परिवर्तित डायवर्सन प्लॉन जारी कर दिया गया है। एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने बताया कि प्रस्तावित ट्रैफिक डायवर्सन प्लॉन के अनुसार 01 नवम्बर से बालाघाट से गोंदिया, गोंदिया से बालाघाट एवं गोंदिया से बैहर बायपास की ओर आने-जाने वाले सभी वाहनो का आवागमन फ्लाईओवर ब्रिज से किया जाएगा। इसी तरह गौरव पथ मार्ग मोतीनगर, सरस्वती नगर की ओर से अंडरब्रिज की ओर से आने-जाने वाले वाहनो का आवागमन राधाकृष्ण चौक से गुरुद्वारा के सामने होकर गुरूनानक पेट्रोल पम्प से होते हुए फ्लाईओवर से आवागमन परिवर्तित किया जाएगा। हनुमान चौक, सरेखा तिराहा एवं बैहर रोड बायपास से अंडरब्रिज की ओर आने जाने वाले समस्त वाहनो का आवागमन अंडरब्रिज से प्रतिबंधित किया जाकर उक्त मार्ग से आने-जाने वाले समस्त वाहनो का मार्ग फ्लाईओवर ब्रिज से होकर परिवर्तित किया जाएगा।

### पूर्व में फर्जी दस्तावेज से नौकरी करने के चलते जेल की हवा खा चुका है निरंजन यादव

# सड़क दुर्घटना करने वाले अतिथि शिक्षक निरंजन यादव को कार्य से तत्काल हटाया जाए : हेमंत साहू

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** विकासखंड बिरसा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में कार्यरत अतिथि शिक्षक निरंजन यादव को सेवा से हटाने के लिए जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष और शिक्षा समिति के सभापति हेमंत साहू ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट को पत्र लिखा है।ज्ञात हो दिनांक 04 अक्टूबर 2025 को अतिथि शिक्षक निरंजन यादव के द्वारा शराब के नशे में अपनी वाहन अर्टिगा CG04 PP4765 चलाते हुए सड़क पर 5 लोगों को टक्कर मार दी।जिसमें 13 वर्षीय बालक आयुष पिता बब्लू खैरवार निवासी ग्राम कनिया की मौके पर ही मौत हो गई।8 वर्षीय बालक सहित 4 अन्य घायल हो गए।जिनमें नितेश पंचतिलक, छत्रपाल श्रीवास,दिव्या कावरे, सुमित्रा मानेश्वर आदि अन्य गंभीर रूप से घायल लोगों का इलाज चल रहा है।थाना बिरसा में अतिथि शिक्षक निरंजन यादव के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 281,125(1),106 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।शराब के नशे में चूर अतिथि शिक्षक निरंजन यादव के द्वारा लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए मानव जीवन को खतरा में डाला गया।इससे पूर्व भी अतिथि शिक्षक निरंजन यादव के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया जा चुका है।पूर्व में कूट रचित दस्तावेज के आधार पर शासन के आंखों में धूल झोंकते हुए शासकीय नौकरी शिक्षक के पद पर कार्य किया जा रहा था।जांच उपरांत निरंजन यादव के दस्तावेज अवैध एवं असत्य पाए गए थे।जिसके चलते उन्हें उनके पद से हटाने की कार्यवाही की गई थी साथ में उन्हें जेल भी जाना पड़ा था।इस प्रकार के अपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के प्राचार्य के द्वारा अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य करवाना सवालों को जन्म देता है।क्या कोई और अतिथि शिक्षक नहीं है या किसी के पास ऐसी योग्यता नहीं है जो पढ़ा सके?जालसाज व्यक्ति को पढ़वाना कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है।उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने कहा कि






शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है किंतु उक्त अतिथि शिक्षक का कृत्य पूर्व में कूट रचित दस्तावेज के आधार पर नौकरी और अभी शराब के नशे में चूर रहना,लापरवाही पूर्व गाड़ी चलाना,अमानवीय,अनुशासनहीन एवं शिक्षक पद की गरिमा के प्रतिकूल है।शिक्षक जैसे पद पर रहते हुए इस प्रकार का आचरण अत्यंत निंदनीय है।ऐसे अतिथि शिक्षक बच्चों को किस प्रकार की शिक्षा देते होंगे,विचारणीय है।समाज में शिक्षक का आचरण अनुकरणीय होना चाहिए,किन्तु उक्त घटना से विद्यालय,शिक्षा विभाग और विकासखंड की छवि धूमिल हुई है।

जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह का आकस्मिक निरीक्षण भी किया गया।निरीक्षण के दौरान स्कूल में शिक्षकों के द्वारा डेली डायरी नियमित रूप से नहीं बनाना पाया गया।अधिकांश शिक्षक डेली डायरी बनाने से बचते दिखें।कुछ शिक्षक डेली डायरी जरूर बनाए लेकिन सत्र के प्रारंभ से एक ही प्रकार के विधि को रटे रटाए लिखते दिखे।बच्चों को नियमति रूप से गृह कार्य देना नहीं पाया गया।बच्चें पढ़ाई में कमजोर नजर आए। उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा स्कूल के प्राचार्य को भी अतिथि शिक्षक को तत्काल हटाने के लिए शिकायत पत्र दिया गया है।साथ ही पुलिस विभाग से भी शराब के नशे में लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाने वाले अतिथि शिक्षक निरंजन यादव के खिलाफ हिट एंड रन का अपराध दर्ज करते हुए कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

### शासकीय चिकित्सक के प्राईवेट अस्पताल में सेवाएँ देने का मामला

# निदान मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक की संचालक को दिया गया नोटिस

## स्वास्थ्य केंद्र भंडेरी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्रजीत बिसेन को कारण बताओ नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भंडेरी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्रजीत बिसेन द्वारा मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम का उल्लंघन कर शासकीय चिकित्सक होने के बाद भी प्राईवेट अस्पताल में सेवाएँ देने के पर उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया है कि क्यों न उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। इस प्रकरण में शासकीय चिकित्सक की सेवाएँ लेने वाले निदान मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक बालाघाट रोड बैहर की संचालक श्रीमती स्वाति बिसेन को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, कि क्यों न उनके क्लीनिक का पंजीयन निरस्त कर दिया जाए।




अधिकृत अधिकारी डॉ. निशांत नंदा गौली चिकित्सा अधिकारी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं अरबन नोड़ल अधिकारी बालाघाट (म.प्र.) द्वारा दिनांक 15 अक्टुबर 2025 दिन शनिवार को सायं लगभग 05:10 बजे "निदान मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक" का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण मे पाया गया कि शासकीय चिकित्सक डॉ. इंद्रजीत बिसेन द्वारा शासकीय चिकित्सक होने के बाद भी प्राईवेट अस्पताल में अपनी सेवाएँ दी जा रही है और नीजि चिकित्सा व्यवसाय किया जा रहा है। निदान मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक की प्रिंटेड ओ.पी.डी. पर्ची एवं रोगी फाईल में डॉ. इन्द्रजीत बिसेन चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भण्डेरी विकासखण्ड बैहर का नाम मुद्रित पाया गया। जिसमें सेवाएं प्रदान करने का समय दोपहर 1 से 3 बजे, शाम 4 से रात्रि 8 बजे अंकित है। निदान मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक" में प्रदर्शित फ्लेक्स बेनर में भी डॉ. इन्द्रजीत बिसेन का नाम पाया गया।

निरीक्षण के दौरान "निदान मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक" में चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान किये जाने हेतु अधिकृत चिकित्सक डॉ. संदीप दिगम्बर मोरे उपस्थित नहीं पाये गये साथ ही उनके द्वारा इस क्लीनिक में सेवाएं प्रदान किये जाने के कोई भी प्रमाण नहीं पाये गये। अधिकृत चिकित्सक की चिकित्सकीय योग्यता संबंधी उपाधि एवं म.प्र.मेडिकल काऊंसिल भोपाल द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रदर्शित नहीं पाया गया। क्लीनिक में परीक्षण तथा उपचारित किये गये रोगियों का विवरण निर्धारित रजिस्टर एवं निर्धारित प्रारूप में संधारित नहीं पाया गया । क्लीनिक" में एक्स-रे मशीन उपलब्ध पाई गई, जिसका ए.ई.आर.बी. में पंजीयन का प्रमाण-पत्र प्रदर्शित नहीं पाया गया, एक्स-रे कक्ष के दरवाजे में रेडिएशन प्रोटेक्शन हेतु आवश्यक लेड-शीट नहीं लगी पाई गई। एक्स-रे कक्ष के सामने/दरवाजे पर रेडियेशन चेतावनी प्रदर्शित नहीं पाई गई। एक्स-रे कक्ष में रेडियोग्राफर के योग्यता प्रमाण-पत्र एवं मध्यप्रदेश अलाईड हेल्थ केयर काउंसिल में पंजीयन का प्रमाण-पत्र भी नहीं पाया गया ।

निरीक्षण के दौरान "निदान मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक" में रेडियोग्राफर उपस्थित नहीं पाया गया, संस्था में उपस्थित डॉ. इन्द्रजीत बिसेन द्वारा अवगत कराया गया कि रेडियोग्राफर 15 अक्टूबर 2025 को अवकाश पर है किन्तु एक्स-रे रजिस्टर का अवलोकन करने पर पाया गया कि दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को 05 एक्स-रे किये गये है। डॉ.इन्द्रजीत बिसेन द्वारा इस संबंध में अवगत कराया गया कि अस्पताल के अन्य व्यक्ति द्वारा यह एक्स-रे किये गये हैं। क्लीनिक के बेसमेंट में 03 बेड लगे पाये गये, जिसमें कोई भी रोगी भर्ती नहीं पाया गया। क्लीनिक के ग्राऊण्ड फ्लोर तल पर एक हाल में 05 बेड लगे पाये गये, जिसमें 02 रोगी उपचाररत भर्ती पाये गये । क्लीनिक" में माइनर ओ.टी. एवं पेथालॉजी लेब संचालित किया जाना पाया गया । पेथालाजी कक्ष में श्री अनुप देशमुख लेब टेक्निशियन उपस्थित थे, जिनके द्वारा बताया गया कि उनकी योग्यता बी.एम.एल.टी. है किन्तु इनके योग्यता प्रमाण-पत्र एवं मध्यप्रदेश अलाईड एण्ड हेल्थकेयर काउंसिल भोपाल से पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रदर्शित नहीं पाया गया। पेथालाजी लैब में डॉ लाल पेथालाजी न्यू दिल्ली के कोरे रिपोर्टिंग लेटरहेड उपलब्ध पाये गये, जिस पर लेब टेक्नीशियन द्वारा परीक्षण रिपोर्ट क्लीनिक की पेथालाजी लेब में प्रिंट की जाती है, जो कि अवैद्यानिक है।

शासकीय चिकित्सक डॉ. इंद्रजीत बिसेन द्वारा नियम विरूद्ध प्राईवेट अस्पताल में सेवाएँ देने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। डॉ. बिसेन को तीन दिनों के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने कहा गया है। इस प्रकरण में निदान मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक के संचालक श्रीमती स्वाति बिसेन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनके क्लीनिक का पंजीयन निरस्त कर दिया जाए। श्रीमती स्वाति बिसेन को तीन दिनों के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने कहा गया है।